## खबर संक्षेप



भिवानी। अतिथियों के साथ विजेता टीम

### नेटबाल चैंपियनशिप में भिवानी ने मारी बाजी

**भिवानी।** गत दिवस जींद में संपन्न हुई दो दिवसीय सब जूनियर राज्य स्तरीय नेटबाल चैंपियनशिप में गांव कलिंगा स्थित श्रीबालाजी स्कूल के खिलाड़ियों ने भिवानी का प्रतिनिधित्व करते हुए सब जूनियर फास्ट फाइव चैंपियनशिप में लड़कियों की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर गांव व प्रदेश का नाम रोशन किया है। स्कूल संचालिका रेणुका शर्मा व प्राचार्य व अतर सिंह ने बताया कि चैंपियनशिप दो दिन तक जींद के निदानी में करवाई गई, जिसमें हरियाणा से आए सभी खिलाड़ियों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

### महिला से 403 ग्राम चरस की बरामद

**तोशाम।** थाना तोशाम पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ एक आरोपित महिला को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। महिला के कब्जे से 403 ग्राम चरस बरामद की। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना तोशाम के सहायक उप निरीक्षक राकेश कुमार अपनी टीम के साथ गश्त पड़ताल ड्यूटी बस अड्डा गांव छपार रांगडान मौजूद थे। उन्हों सूचना प्राप्त हुई कि गांव बिडोला में स्कूल के पास एक महिला मादक पदार्थ बेच रही है। पुलिस टीम के द्वारा सूचना के पुलिस ने रेड करके महिला को मादक पदार्थ चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपित महिला की पहचान सरोज पत्नी जयबीर निवासी बिडोला के रूप में हुई है।

### चोरी मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना सदर पुलिस भिवानी में गांव बापोड़ा में घर का ताला तोड़कर चोरी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। रणदीप निवासी थाना सदर पुलिस भिवानी को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता चोरी होने की सूचना दी थी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान भारत पुत्र साधु राम, सुमित पुत्र जय भगवान व मनोज पुत्र गंगाराम निवासी बापोड़ा जिला भिवानी के रूप में हुई है।

### अवैध शराब ले जाने के मामले में तीन गिरफ्तार

**भिवानी।** सीआईए स्टाफ -2 भिवानी ने पंजाब से अवैध शराब गुजरात ले जाने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सीआईए स्टाफ- 2 भिवानी के मुख्य सिपाही नवीन कुमार अपनी टीम के साथ गश्त पड़ताल ड्यूटी नई अनाज मंडी भिवानी मौजूद थे। उन्हें सूचना प्राप्त की डाबर कॉलोनी भिवानी में दो गाड़ी खड़ी है जिनमें भारी मात्रा में अवैध शराब भरी हुई है जो आरोपी अवैध शराब को बेचने के लिए गुजरात लेकर जाएंगे। पुलिस टीम के द्वारा सूचना की महत्वता को देखते हुए फौरन बताए गए स्थान पर रेड करके दो गाड़ियों को पुलिस कब्जे में ले लिया।

---

दो दिन के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो होगा तहसील का वर्क सस्पेंड

# अम्बेडकर फोटो की बेअदबी मामले में सामाजिक संगठन बैठे धरने पर

थाना प्रभारी ने कहा कि उनकी टीम ने घटना स्थल से अम्बेडकर जी का फोटो व प्रस्तावना कब्जा में ले रखा है , सायं तक सामान चोरी तथा टूटे-फूटे हुए की लिस्ट दे दें और उन्हें दो दिन का समय भी दें।



बवानीखेड़ा। धरने पर बैठे प्रदर्शनकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानी खेड़ा

बवानीखेड़ा तहसील परिसर में अज्ञात लोगों द्वारा अधिवक्ता के चेम्बर व शैड तोड़कर चोरी करने व वहां पर लगी संविधान रचयिता की फोटो की बेअदबी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सोमवार को इसी क्रम में हरियाणा जागृति मोर्चा के सदस्यों ने संविधान रचयिता डॉ. बी आर अम्बेडकर की फोटो की बेअदबी मामले को लेकर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इसी दौरान धरना संयोजन समिति के सदस्यों ने थाना प्रभारी बवानी खेड़ा से प्रकरण के बारे में जानकारी हासिल करनी चाही , जिस पर थाना प्रभारी ने कहा कि उनकी टीम ने घटना स्थल के मौके से अम्बेडकर जी का फोटो व प्रस्तावना कब्जा में ले रखा है , सांय तक सामान चोरी तथा टूटे फूटे हुए की लिस्ट दे दे और उन्हे दो दिन का समय भी दे दे , सारी बाते सामने होगी , दोषी व्यक्ति के खिलाफ वे कड़ा संज्ञान लेगे । जिस पर धरने पर बैठे लोगों ने चेतावनी दी कि और कहा अगर दो दिन के बाद कार्रवाई नहीं की गई तहसील में बैठने वाले अधिवक्ता वर्क सस्पेंड करने का कदम भी उठाएंगे।

सुबह नौ बजे हरियाणा जागृति मोर्चा, अधिवक्ता , किसान सभा नगर पालिका सदस्य व अन्य सामाजिक संगठन के सदस्य तहसील कार्यालय में धरने पर बैठ गए। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बताया कि अज्ञात लोगों ने एक साजिश के तहत चैम्बर तोड़कर बाबा साहेब अम्बेडकर की फोटो को तोड़ा व मिट्टी में दबाया। यह संविधान रचयिता का घोर अपमान है। बाबा साहेब अंम्बेडर की फोटो का अपमान सहन नहीं किया जा सकता। अज्ञात लोगों ने ऐसे महापुरुष का अपमान किया है। जिसने देश का संविधान रचा हो। वक्ताओं ने कहा कि इस मामले में तहसीलदार दूरी बनाए हुए है। यह एक गंभीर मसला है। क्योंकि तहसील परिसर व तहसील कार्यालय की जिम्मेदारी तहसीलदार की होती है। अगर वहां पर कोई तोड़फोड अन्य कोई गतिविधि होती है। तो उसकी तहसीलदार को जानकारी होनी चाहिए। अगर जानकारी नहीं है तो भी गंभीर बात है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर अधिवक्ता मीना चोपड़ा, राजेश सिंधू, अमित दहिया, सुमन दहिया , अक्षय भलारा ,रामकिशन काजल , मोहित चौपड़ा ,अजय भुक्कल , मोहित चौपड़ा , पवन, सोनू नाफरिया, कामरेड राजेश कुगड़ ,संदीप , कृष्ण बलियाली ,अजय काजल, नरेन्द्र मैहरा आदि साथ थे। प्रकरण की आगामी कार्यवाही के लिए एडवोकेट रामकिशन काजल को संयोजन नियुक्त किया ।

---



भिवानी। नप को ट्रैक्टर-टैंकर की चॉबी सौंपते हुए।

## करणी सेना अध्यक्ष राणा ने नप को सौंपा ट्रैक्टर-टैंकर

**भिवानी।** करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष राहुल राणा ने पब्लिक की पानी की डिमांड को देखते हुए नगरपरिषद को एक ट्रैक्टर-टैंकर सौंपा।ताकि नगरपरिषद उस टैंकर के माध्यम से जरूरत मंद इलाके में पानी की आपूर्ति कर सके। उन्होंने यह ट्रैक्टर व टैंकर शहर में पीने के पानी की समस्या बने रहने तक उपलब्ध करवाया है। उन्होंने सोमवार को ट्रैक्टर टैंकर की चॉबी नप को सौंपी। इस पर प्रदेशाध्यक्ष राहुल राणा ने बताया कि गर्मी के मौसम में पीने के पानी को लेकर जबरदस्त मारामारी मची है।

### टैंक हो चुके हैं खाली

जलघरों के टैंक खाली हो चुके है। ऐसे में टयूबवैलों के सहारे ही टैंकरों को पानी से भरकर प्रभावित इलाकों में भेज रहे है। इसी क्रम में उन्होंने आज नगरपरिषद को एक ट्रैक्टर व टैंकर सौंपा। उन्होंने बताया कि इस वक्त टैंकरों के जरिए ही पानी की आपूर्ति की जा सकती है। नगरपरिषद को टैंकर मिलने के बाद कुछ हद तक राहत जरूर मिलेगी।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप की माता सुनीता देवी, नप चेयरपर्सन प्रीति भवानी प्रताप,नप पार्षद सुभाष तंवर, संदीप यादव, शिव कुमार गोठवाल, सूर्या तंवर, सोनू परमार, सतीश तंवर, मोनू तंवर आदि मौजूद थे।

---

## घुसकानी स्कूल का 10वीं का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट



भिवानी। परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित किए गए 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में गांव घुसकानी स्थित वीर शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार परीक्षा परिणाम हासिल किया। बोर्ड परीक्षा में निधि दीपिका व अनुग्रह क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृीय स्थान पर रहे। जिनका सोमवार को विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुकेश सांगवान ने की तथा मंच का संचालन लक्ष्मी देवी ने किया। कार्यक्रम का आयोजन फालसा ईको क्लब के प्रभारी पीटीआई विनोद पिंकू व गुड्डी देवी द्वारा किया गया। इस दौरान बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को फूल-माला पहनाकर, बैज व तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पीटीआई विनोद पिंकू ने कहा कि उनके विद्यालय के विद्यार्थी ना केवल शिक्षा, बल्कि खेलों के क्षेत्र में हमेशा आगे रहे है तथा हर क्षेत्र में ना केवल परिजनों, बल्कि गांव का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के चौमुखी विकास के लिए सभी गतिविधियों में हिस्सा लेना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि पूरे साल की मेहनत का परिणाम जब आता है तो विद्यार्थियों में अलग ही तरह का उत्साह देखने के लिए मिलता है इसलिए परीक्षा में अच्छे अंक विद्यार्थी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होते है। अच्छे अंक पाने वाले विद्यार्थी सभी को अच्छे लगते है। उनके जीवन में एक-एक अंक कीमती होता है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अनिल शर्मा, परवेश कुमारी, बबीता संस्कृत अध्यापिका, अनिल शर्मा हिन्दी अध्यापक, नवीन ढांडा, विमला देवी, सुमन, सुदेश, रामोतार समस्त स्कूल स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।

---

## 21 जून को भीम खेल परिसर में मनाया जाएगा जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम

**भिवानी।** डीसी महावीर कौशिक ने कहा कि भीम खेल परिसर में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम एक उत्सव की तरह मनाया जाएगा। जिला स्तर के अलावा सभी ब्लॉक और उपमंडल स्तर पर भी योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

■ जिला स्तर के अलावा सभी ब्लॉक और उपमंडल स्तर पर भी योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

वीसी रूम में संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने बताया कि योग दिवस कार्यक्रमों में आमजन के साथ-साथ ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, योगशालाओं व एनसीसी, एनएसएस, स्वास्थ्य विभाग, खेल विभाग, शिक्षा विभाग की बड़ी भागीदारी रहेगी। जिला में होने वाले योग दिवस कार्यक्रमों में जिला में नियुक्त सभी योग सहायक योगाभ्यास करवाएंगे। उन्होंने आयुष विभाग, खेल विभाग, पंचायत विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योग दिवस कार्यकमों में सामाजिक संगठनों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

**26 को शारीरिक शिक्षकों के लिए योग प्रशिक्षण:** 26 से 28 मई तक स्कूलों में नियुक्त डीपीई और पीटीआई के लिए योग प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित होंगी। 4 से 6 जून तक स्कूलों में योगासन कार्यक्रम होंगे। 12 से 14 जून तक अधिकारियों-कर्मचारियों, पंच, सरपंच, एनसीसी कैडेट्स के लिए योग कार्यक्रम आयोजित होंगे। 16 से 18 जून तक जनप्रतिनिधियों, अधिकारी, कर्मचारी और एनसीसी व आमजन के लिए योगासन कार्यक्रम होंगे। 20 जून को योग दिवस की पायलट रिहर्सल होगी।

---

## जेबी गुप्ता अस्पताल में शुरू हुई डायलिसिस यूनिट सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। अस्पताल में अत्याधुनिक लेवल 2 आईसीयू और डायलिसिस यूनिट शुरू करवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

दो दशकों से आपातकालीन चिकित्सा सेवा में एक विश्वसनीय नाम जेबी गुप्ता अस्पताल क्षेत्र में अत्याधुनिक लेवल 2 आईसीयू और डायलिसिस यूनिट शुरू करके एक उल्लेखनीय प्रगति की है। यह सुविधा भिवानी में सबसे गंभीर रूप से बीमार रोगियों के लिए महत्वपूर्ण देखभाल प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है। इसका उद्घाटन महंत वेदनाथ ने किया। मुख्यातिथि मिस इंडिया रह चुकीं गुलपनाग थी। समारोह की शुरुआत रिबन काट की रस्म के साथ हुई। इसके बाद नवनिर्मित आईसीयू का दौरा किया गया और उपस्थित लोगों को आईसीयू की आवश्यकता के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। महंत ने सुविधा का निरीक्षण करने के बाद कहा इस तरह की उच्च अंत सुविधा की उपस्थिति क्षेत्र में चिकित्सा बुनियादी ढांचे में उछाल है। भिवानी और जिले के नए मरीजों को अपनी गंभीर जरूरतों के लिए हिसार और रोहतक नहीं जाना पड़ेगा।

डॉ मंदीप कुमार ने उपस्थित लोगों को बताया कि आईसीयूटीम, जिसमें सात एमडी सलाहकार शामिल हैं और इसका नेतृत्व एक डीएम सलाहकार कर रहे हैं, दक्षिणी हरियाणा में अपनी तरह की पहली टीम है। ग्यारह बेड वाले आईसीयू में केंद्री कृत वातानुकुल, एक एंटी स्टेटिक फ्लोर, निरंतर ऑक्सीजन और केंद्रीय वैक्यूम आपूर्ति के साथ एक एकांत कक्ष है। अत्याधुनिक बेड रोगी की देखभाल और आराम को बढ़ाने के लिए नवीनतम कनीक से लैस हैं। उच्च श्रेणी के वेंटिलेटर विभिन्न प्रकार की श्वसन आवश्यकताओं का समर्थन करने के लिए सभी आवश्यक सहायक उपकरण के साथ आते हैं। डॉ. एल्बी गुप्ता ने बताया कि आईसीयू को एक केंद्रीकृत निगरानी प्रणाली से जुड़े सात पैरामॉनिटर से सुसज्जित किया गया है। आपातकालीन डायलिसिस सेवाएँ आईसीयू के भीतर प्रदान करते हैं। उन्नत निगरानी क्षमताओं में आक्रामक रक्तचाप माप, ईटीसीओ और ईईजी निगरानी शामिल हैं। साथ ही हमारे इन्फ्यूजन पंप सभी निरंतर माइक्रोडोजिंग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार हैं। हमपॉइंट-ऑफ-केयर ब्रोंको स्कोपी लैवेज, पॉइंट-ऑफ-केयर अल्ट्रासाउंड और एसिड-बेसब्लड गैस निगरानी प्रदान करते हैं। सहायता सेवाओं में 2 डीइकोकार्डियोग्राफी, ईसीजी, ट्रेडमिलपरीक्षण, पोर्टेबलएक्स-रे और उन्नत प्रयोगशाला सेवाएं भी शामिल हैं।

---

## पूर्वमंत्री दलाल के नेतृत्व में लोहारू में निकाली तिरंगा यात्रा, उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू



भिवानी। लोहारू के तिरंगा यात्रा के दौरान पूर्व मंत्री जेपी दलाल और क्षेत्र के कार्यकर्ता।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदुर के तहत पाकिस्तानी आतंकवादियों के दिए मुंहतोड़ जवाब से पूरे देश के लोग सेना के पराक्रम की सराहना कर रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को लोहारू में पूर्व कृषिमंत्री जेपी दलाल के नेतृत्व में लोहारू हलके के लोगों तिरंगा यात्रा निकाली और देश के सैनिकों की जय जयकार की।

शहीद भगतसिंह चौक पर पूर्वमंत्री दलाल और मंडल अध्यक्ष रोहताश चौहान के नेतृत्व में हजारों लोगों ने शहीद भगतसिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। पूर्वमंत्री दलाल ने कहा कि भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकवाद के ठिकानों को कुचलकर पूरे विश्व को साबित कर दिखाया है कि भारतीय सेना आतंकियों को उन्हीं की भाषा में जवाब देने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि देशभर में भारतीय सेनाओं की जय-जयकार हो रही है तथा देश के लोग तिरंगा यात्राओं के माध्यम से देश की सेनाओं के साहस को याद कर रहे हैं। इस दौरान नगरपालिका चेयरमैन प्रदीप तायल, मंडल अध्यक्ष रोहताश चौहान, व्यापार मंडल प्रधान धनपत सैनी, कृष्ण टीकेवाला, प्रवीण जोशी, पार्षद रवि केडिया आदि मौजूद रहे।

---

## जाट धर्मशाला में 25 को होगा सम्मान समारोह

**भिवानी।** जाट धर्मशाला में आगामी 25 मई को होने वाले सम्मान समारोह के आयोजन को लेकर तैयारियों पर चर्चा करने के उद्देश्य से मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता जाट धर्मशाला सभा के प्रधान दिलबाग सांगवान ने की। जिसमें कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहे। सांगवान ने बताया कि दीनबंधु सर छोटूराम की जयंती के उपलक्ष्य में 25 मई को जाट प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन जाट धर्मशाला में किया जाएगा।

समारोह में दादरी से विधायक सुनील सांगवान मुख्यतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे तथा प्रतिभाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन करेंगे। उन्होंने बताया कि इस सम्मान समारोह में 10वीं व 12वीं में 95 प्रतिशत व इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी, विवि के बीए व एमए में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थी, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी जैसे ओलंपिक, विश्व चैंपियन, एशियाड़ गेम्स व कॉमनवेल्थ प्रतियोगिताओं की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

---

## काक्षा 10वीं में दिशा स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित रिजल्ट में टॉप सूची में शामिल होने वाली छात्रा का स्वागत करते हुए।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा शनिवार को जारी किए दसवीं के परीक्षा परिणाम में दिशा पब्लिक स्कूल कलिंगा के विद्यार्थियों ने प्रदेश व जिला स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है। यह जानकारी देते हुए स्कूल प्रबंधक सुनील कौशिक व संचालक सुखबीर बल्हारा ने बताया कि स्कूल की छात्रा मेघा ने 495 अंक लेकर राज्य में तीसरा व जिले में पहला स्थान, प्राची पुत्री प्रदीप ने 493 अंक लेकर दूसरा व मुस्कान पुत्री जितेंद्र ने 492 अंक लेकर तीसरा प्राप्त कर स्कूल व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि स्कूल के 8 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

18 विद्यार्थियों की आई मेरिट : 18 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है। इस मौके पर दिशा पब्लिक स्कूल के चेयरमैन सुनील कौशिक और प्रिंसिपल सचिन परमार, डीपीएस डीपीई सोमपाल वर्मा,स्टाफ में गोपाल, बंसीलाल , शीलगंगे,सुमित , प्रदीप शास्त्री, जितेंद्र आदि सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

---

## कॉलेजों में प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू

**लोहारू।** उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार प्रदेश के महाविद्यालयों में प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए 19 मई से ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए प्रदेश के सभी महाविद्यालयो के ऑनलाइन पोर्टल खोल दिए गए हैं। सावित्रीबाई फुले राजकीय महिला महाविद्यालय लोहारू में भी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। सावित्रीबाई फुले राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि सावित्रीबाई फुले राजकीय महिला महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष के लिए 320 तथा बीकॉम प्रथम वर्ष के लिए 80 सीटे निश्चित की गई है।

■ लोहारू के सावित्रीबाई फुले राजकीय महिला महाविद्यालय में भी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू

इच्छुक छात्राएं ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। महाविद्यालय में हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, भूगोल, राजनीतिक विज्ञान ,समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, संस्कृत तथा गणित ऐच्छिक विषय के रूप में ले सकते हैं। महाविद्यालय में कक्षाएं नए भवन में शुरू कर दी गई है। विभाग द्वारा मेरिट लिस्ट जारी होने की स्थिति भी शीघ्र ही घोषित कर दी जाएगी। प्रवेश की इच्छुक छात्राएं अपना रजिस्ट्रेशन करवा ले।

---

विधायक सांगवान ने नप अधिकारियों की ली मीटिंग

# बारिश से पहले दुरूस्त हो सीवरेज व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



भिवानी। नगर परिषद के अधिकारियों की मीटिंग लेते विधायक सुनील सांगवान। फोटो : हरिभूमि

विधायक सुनील सांगवान ने स्पष्ट किया कि इस बार बारिश से पहले सीवरेज व अन्य सुविधाएं दुरुस्त हो, ताकि आगामी बारिश के दिनों में लोगों को परेशानियां न हो, इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगर व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई तो कड़ी कार्रवाई को तैयार रहें।

वहीं कहा कि 22 मई को संबंधित अधिकारियों के साथ मीटिंग में आगामी विकास कार्यों को लेकर मंथन किया जाएगा। मीटिंग में अधिकारी विकास कार्यों का खाका तैयार कर साथ लाएं, ताकि धरातल पर कार्य शुरू करवाया जा सके। विधायक सुनील सांगवान ने सोमवार को मेजबान चौक से सेक्टरों तक के इंटरलॉक सड़क निर्माण के अलावा शहर में मशीनों के साथ नालों की सफाई का शुभारंभ किया। नगर परिषद कार्यालय में अधिकारियों की मीटिंग लेते हुए बारिश से पहले की व्यवस्थाओं पर मंथन किया। मीटिंग में विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि बारिश से पहले सीवर व्यवस्था दुरुस्त हो, नालों की समय पर सफाई करने व रात की शिफ्ट में सफाई का कार्य करवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्रीन बेल्ट विकसित करने व विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की। विधायक सांगवान ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि इस बार बारिश के दौरान कोई दिक्कतें आई तो संबंधित अधिकारी या कर्मचारी जिम्मेदार होगा। वहीं सीटीएम जितेंद्र कुमार को निर्देश दिए कि 22 मई को रेस्ट हाउस में बिजली, जनस्वास्थ्य, नगर परिषद व एनएचआई अधिकारियों की संयुक्त मीटिंग बुलाई, जिसमें उनकी मौजूदगी में आगामी विकास कार्यों को लेकर चर्चा की जाएगी।

---

## बड्स एक्ट-2019 की अनुपालना करवाने को पीड़ित निवेशक कल सौपेंगे ज्ञापन

**भिवानी।** चीट फंड कंपनियों के पीड़ित निवेशकों की जमापूंजी दिलवाने के लिए बड्स एक्ट-2019 के तहत कार्यालय खुलने के बावजूद भी पीड़ित निवेशकों के दस्तावेज सरकार तक न पहंचाकर उनकी जमापूंजी पर डाका डाला जा रहा है। ठगी पीड़ितों के भुगतान के लिए बनाए गए कानून बड्स एक्ट-2019 की अनुपालना करवाने की मांग को लेकर ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार (तपजप) के बैनर तले 21 मई को भिवानी के सक्षम अधिकारी के माध्यम से प्रदेश व केद्र सरकार के नाम मांगपत्र सौंपेंगे। तपजप के जिला प्रधान रमेश तंवर व सचिव राजकुमार वर्मा ने बताया कि 21 मई को सुबह 10 बजे पीड़ित निवेशक सुबह 10 बजे चौधरी सुरेंद्र सिंह मैमोरियल पार्क में एकत्रित होंगे और इसके बाद रोष प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त कार्यालय पर ज्ञापन सौंपेंगे।

**खबर संक्षेप**

## सभी विभाग तालमेल के साथ करें कार्यः एडीसी

**भिवानी।** एडीसी डॉ. मुनीष नागपाल की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में जिला स्तरीय समन्वय समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला के युवाओं को निजी क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार दिलवाने बारे विस्तार से समीक्षा की गई। एडीसी ने रोजगार विभाग, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डीआईसी, एमएसएमई विभाग, एचएसआईआईडीसी विभाग को निर्देश दिए।

## बिजली पानी देने में विफल रही सरकारः डॉ. मनीषा

**चरखी दादरी।** कांग्रेस वरिष्ठ नेत्री डॉ. मनीषा सांगवान ने कहा कि भाजपा सरकार जनता को बिजली पानी देने में पूरी तरह से विफल है। लोगों को मूलभूत सुविधाओं को भी तरसना पड़ रहा है। भयंकर गर्मी में पेयजल का सबसे बड़ा संकट खड़ा हो गया है। डॉ. मनीषा सांगवान ने कहा कि गांव और शहर में बिजली, पानी किल्लत बनी है।

## श्री लाल बहादुर शास्त्री का परिणाम शत प्रतिशत

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा के श्री लाल बहादुर शास्त्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का दसवीं व बारहवीं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। यह जानकारी देते हुए स्कूल संचालक ने बताया कि दसवीं क्लास में 49 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिनमें 30 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में जगह बनाई है। छात्र शिवम ने 485 अंक हासिल करके जिले में स्कूल का नाम रोशन किया है। इसी तरह 90 फीसदी से ज्यादा अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों में भावना ने 472, पंकज ने 472, चेतना ने 470,शुभम ने 468, नवदीप ने 467,मुकुल शर्मा ने 466, निधि ने 461, प्रिंस ने 458, मानसी ने 457 अंक प्राप्त किए।

## भाजपा सरकार जन-जन की हितैषी सरकारः कटारिया

**भिवानी।** जुलाई माह में होने वाले संविधान जागरूकता अभियान को लेकर विश्राम ग्रह में बैठक का आयोजन किया। बैठक में मुख्यरूप से केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल के मुख्य मीडिया प्रभारी सुदेश कटारिया, मुख्यमंत्री के पूर्व ओएसडी एवं राज्यपाल के पूर्व सचिव अमरजीत सिंह, अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण आयोग के वाईस चेयरमैन विजेन्द्र बड़गुजर, विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के वाई प्रेजिडेंट व पदम भूषण डॉ. विजेन्द्र आचार्य, पूर्व अधिकारी मदन सिंह बमनिया, चंडीगढ़ से महासचिव रामपाल उपस्थित हुए।

## मीडिया सलाहकार व वाइस चेयरमैन, सुनीं समस्याएं

**भिवानी।** केंद्रीय उर्जा मंत्री मनोहर लाल के मुख्य मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार ने राजनीति रिवायत में बदलाव करते हुए अंत्योदय उत्थान को ओर कदम बढ़ाया। इस कदम का सबसे अधिक फायदा समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े अनुसूचित जाति वर्ग को मिला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के उत्थान एवं कल्याण के लिए अभूतपूर्व योजनाएं लागू की है।

## मजदूरों ने प्रदर्शन कर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**भिवानी।** पिछले 15 दिनों से बंद पड़ी मजदूरी कॉपी की साइट के कारण मजदूरों को कॉपी बनवाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिसके चलते सभी मजदूरों ने एकत्रित होकर शहर में रोष प्रदर्शन किया और उपायुक्त को मांगपत्र सौंपकर तुरंत प्रभाव से समाधान करवाने की मांग की। मजदूरों ने उपायुक्त को बताया कि विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से मजदूर परेशान हैं। उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए भाजपा मजदूर प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक भगवान दास कालिया ने बताया कि पिछले लगभग 15 दिनों से जिला चरखी दादरी व भिवानी की सभी तहसीलों में मजदूर मजदूरी कॉपियां बनवाने के लिए चक्कर लगा रहे हैं।

### अभद्र टिप्पणियों को लेकर देशभर के पूर्व सैनिकों में आक्रोश

# कुरैशी और व्योमिका सिंह जैसे अधिकारी हमारी सेना की शान

भारतीय सेना पर अभद्र टिप्पणी करने वाले नेताओं की सदस्यता रद्द कर सख्त कार्रवाई करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



- देशभर के पूर्व सैनिकों ने भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के नेताओं के खिलाफ जताया रोष


भिवानी। सेना अधिकारी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का विरोध जताते हुए। फोटोः हरिभूमि

भारतीय सेना में कोर्पस ऑफ सिंगनलस कर्नल सोफिया कुरैशी व वायु सेना से विंग कमांडर व्योमिका सिंह को लेकर राजनीतिक दलों के कुछ नेताओं द्वारा की गई अभद्र टिप्पणियों के खिलाफ देशभर के पूर्व सैनिकों में भारी आक्रोश है।

इसी कड़ी में सोमवार को वेटरन संगठन भिवानी के बैनर तले अनेक पूर्व सैनिकों ने स्थानीय नेहरू पार्क में एकत्रित होकर कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह को लेकर की गई अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में भाजपा व समाजवादी पार्टी के नेताओं के खिलाफ जताया तथा दोनों ही पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मांग की कि भारतीय सेना के खिलाफ इस प्रकार की निंदनीय ब्यानबाजी करने वाले नेताओं की सदस्यता रद्द कर इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस मौके पर वेटरन संगठन भिवानी के प्रधान सूबेदार मेजर बिरेंद्र सिंह ग्रेवाल बामला ने कहा कि देश की बेटियां जो सेना में सेवा देकर राष्ट्र का गौरव बढ़ा रही हैं, उनके सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले बयान निंदनीय हैं और ऐसे नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह जैसे अधिकारी हमारी सेना की शान हैं। उनके खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणियां ना सिर्फ महिलाओं का अपमान हैं, बल्कि पूरे सशस्त्र बल का अपमान हैं। इस अवसर पर कटार सिंह सांगवान, हवलदार रामनिवास, उपप्रधान रामकुमार सिप्पर, सूबेदार महिपाल सांगवान आदि मौजूद रहे।

# नालियों में कचरा नहीं फेंके

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बवानीखेड़ा



आगामी मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका ने नालों व नालियों की सफाई का व्यापक अभियान शुरू कर दिया है। नगर प्रशासन का उद्देश्य है कि वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या न हो और शहरवासियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री ने बताया कि यह अभियान शहर के सभी प्रमुख मार्गों, रिहायशी क्षेत्रों और बाजारों में चलाया जा रहा है। सफाई कार्य में आधुनिक मशीनों के साथ-साथ मैनपावर का भी सहयोग लिया जा रहा है। साथ ही, जाम पड़ी नालियों को खोलने व कूड़े-कचरे को उठाने का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। चेयरमैन सुंदर अत्री जी ने जनता से अपील की है कि वे नालियों में कचरा फेंकने से बचें और नगर पालिका के इस प्रयास में सहयोग करें। नगर पालिका ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि किसी क्षेत्र में जलभराव या गंदगी की समस्या बनी रहती है, तो संबंधित वार्ड के पार्षद व अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इस अभियान को सफल बनाने के लिए नगर पालिका ने विशेष निगरानी टीमों का गठन भी किया है जो नियमित रूप से सफाई कार्य की समीक्षा करेंगी।

इस अवसर पर सफाई कर्मचारियों के साथ अनेकों सामाजिक संगठन भी शामिल हुए, हैं,जन सहयोग मंच के सचिव मनीष शंकर,संजय वर्मा,परवीन अत्री,मेनपाल कौशिक,संजय वाल्मीकि, करण ओड,भूषण, लीलू,देश राज आदि मौजूद थे

## लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लेंः एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

- समाधान शिविर में एडीसी ने सुनीं लोगों की शिकायतें

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. मुनीष नागपाल ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं को अधिकारी गंभीरता से लेकर त्वरित समाधान करें। गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल के लिए टैंकरों की वैकल्पिक व्यवस्था करें।

एडीसी नागपाल सोमवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हाल में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुन रहे थे। समाधान शिविर के दौरान एडीसी के समक्ष सपना, रामसिंह, विजेन्द्र शर्मा, राजबीर शर्मा, संदीप व किरण ने पीपीपी से संबंधित समस्या रखी।

## सर्व कल्याण मंच व राजकीय महिला कॉलेज में एमओयू

**बवानीखेड़ा।** राजकीय महिला महाविद्यालय, बवानी खेड़ा और हरियाणा प्रदेश की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था सर्व कल्याण मंच के बीच महत्वपूर्ण एमओयू (सहमतिपत्र)पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू आगामी तीन वर्षों तक छात्राओं के सर्वांगीण विकास, सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान को केंद्र में रखकर कार्य करने के उद्देश्य से किया गया।

इस समझौते के अंतर्गत संस्था और महाविद्यालय मिलकर रोजगारपरक प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, कौशल विकास, नेतृत्व क्षमता निर्माण, सांस्कृतिक गतिविधियों का संचालन, स्वास्थ्य और स्वच्छता जागरूकता, करियर काउंसलिंग और मार्गदर्शन जैसे विषयों पर केंद्रित कार्य करेंगी। इस दौरान कॉलेज स्टाफ से डॉ. सोनिका , डॉ. मिथिलेश , डॉ. रमन उपस्थित रहे ।

# लिंगानुपात सुधार के लिए निकाली रैली

- कम लिंगानुपात वाले गांवों में लोगों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के प्रति जागरूक किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी




डीसी महावीर कौशिक के आदेशानुसार और सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य के मार्गदर्शन में गांव मिरान में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत लिंगानुपात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

एसएमओ नरेश कुमार की अध्यक्षता में जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को लिंगानुपात बारे जागरूक किया गया। उल्लेखनीय है कि सरकार के आदेशानुसार कम लिंगानुपात वाले गांवों में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को गांव मिरान में लिंगानुपात बारे जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बीईई सुरेन्द्र कुमार की अगुवाई में स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान एक मीठी सी मुस्कान है बेटी, यह सच है कि मेहमान है बेटी, उस घर की पहचान बनने चली जिस घर से अनजान है बेटी आदि नारों से ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

### कुछ गांवों में बेटियों की संख्या काफी कम

कुछ गांवों में अभी भी लड़कों के अनुपात में बेटियों की संख्या कम है, इन गांवों में विशेषकर लोगों को जागरूक कर कन्या भ्रूण हत्या बुराई को मिटाने के लिए सामाजिक सहयोग से प्रयास किए जा रहे हैं। जिला में जागरूकता रैली, नुक्कड़-नाटक, प्रतियोगिताएं व बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों को लिंगानुपात सुधारने के बारे जागरूक किया जा रहा है।

## समाधान शिविर में फिर उठाई सेक्टर 13 और 13 की विभिन्न समस्याएं

**भिवानी।** सैक्टर-13 व 23 की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर दि भिवानी रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रधान (आजीवन उपलब्धि पुरस्कार प्राप्त) रामकिशन शर्मा के नेतृत्व में सैक्टरवासियों ने सोमवार को समाधान शिविर के माध्यम से अतिरिक्त उपायुक्त के समक्ष गुहार लगाई। समाधान शिविर में समस्याएं उठाते हुए दि भिवानी रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रधान रामकिशन शर्मा ने कहा कि सैक्टर के मुख्य जलघर में तीसरा ट्यूबवैल चालू करवाने हेतु टैंडर हो चुका है, परन्तु वह अभी तक चालू नहीं किया गया, नए जलघर में वॉल ना होने के कारण 4 फीट तक पानी खाली रहता है। जिसके चलते सैक्टरवासियों को पेयजल संबंधी भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। शर्मा ने कहा कि सैक्टर के मुख्य जलघर में केवल एक दिन का पानी शेष बचा है। ऐसे में सैक्टरवासियों तक पेयजल पहुंच सकें इसके हिलए, सैक्टर-13 व 23 में पानी के टैंकरों की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही रामकिशन शर्मा ने भगत सिंह चौक से सिटी स्टेशन की तरफ जाते समय रास्ते में खुली मीट की दो दुकानों को बंद करवाने की भी मांग उठाई।

## जमाबंदी की नकल लेने में नहीं होनी चाहिए दिक्कतः एसडीएम

- समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का शीघ्रता से निवारण करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लोहारू

एसडीएम मनोज दलाल ने कहा कि अधिकारी आमजन की समस्याओं को गंभीरता से लेकर समाधान करें। जमाबंदी की नकल लेने के लिए किसान को कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा किभीषण गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए बिजली व पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें और सरकार की जनहितकारी योजनाओं का क्रियान्वयन सही ढंग से करें ताकि जरूरतमंद व्यक्ति को उनका फायदा मिल सके। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं का समाधान किया जाए, यदि कोई समस्या किसी जांच या दस्तावेज पर आधारित है, तो उसका भी निर्धारित समय में निपटान करवाना सुनिश्चित किया जाए। एसडीएम मनोज दलाल सोमवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे रहे थे। समाधान शिविर में आई शिकायतें , जिनके जल्द समाधान के लिए एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। समाधान शिविर में आमजन ने बिजली विभाग, नपा, पंचायती राज आदि की शिकायतें रखी।

# नशे की प्रवृत्ति से दूर रहेंःजयसिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम

खेल स्टेडियम बुशान में खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए प्रमुख समाजसेवी जयसिंह कालोरामन ने कहा कि युवा का राष्ट्र के निर्माण में अहम योगदान होता है। युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रहकर देश के विकास में अपना योगदान देना चाहिए। खेल भारतीय संस्कृति की पहचान है जो सदियों से भारत की पहचान बनी हुई है। खेल हमारे मानसिक एंव बौधिक विकास के लिए अहम कड़ी का काम करते हैं।

खेलों में ख्याति मिलने के साथ-साथ उज्ज्वल भविष्य भी है, खेलव पढ़ाई एक-दूसरे के पूरक है। खेल खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेलकूद जैसी प्रतिस्पर्धाओं में बढ़-चढ़कर भागलेना चाहिए। खेल शारीरिक व मानसिक विकास के लिए बेहतर गतिविधि है। ये खेल ही है जोएक मजबूत व्यक्तित्व का विकास करते हैं। हर व्यक्ति को अपनी रूचि अनुसार कोई भी खेल हो खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में जीत ही नहीं बल्कि हार का स्वाद चखना भी जरूरी होता है। हार के बाद जीत की जो लालसा बनती है कामयाबी मिलने का उसका महत्व और अधिक बढ़ जाता है। उन्होंने कहा की हारे हुए खिलाड़ियों को निराशा या हताश होने की जरूरत नहीं है। उल्लेखनीय है कि मार्च महीने में आयोजित खेल प्रतियोगिता में स्मेसिंग वॉलीबाल प्रतियोगिता के दौरान बुशान की विजेता टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को स्पोर्ट्स टी-शर्ट, कैफरी देने की घोषणा की थी। आज उन्होंने अपनी घोषणा को अमलीजामा पहनाते हुए करीब एक दर्जन खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स टी-शर्ट, कैफरी वितरित की। उन्होंने खिलाड़ियों को आश्वासन देते हुए कहा कि भविष्य में भी खेल स्टेडियम में हर सम्भव मदद के लिए तैयार रहूंगा।



तोशाम। खेल का सामान सौंपते हुए।

## आश्रम श्रीभगवत वाटिका में हुआ रूद्राभिषेक एवं प्रसाद वितरण



**भिवानी।** देवसर मोड स्थित आश्रम श्री भगवत वाटिका में 18वां वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में जारी तीन दिवसीय कार्यक्रम का सोमवार को समापन हो गया। यह जानकारी देते हुए व्यवस्था प्रमुख राजकुमार ने बताया कि कार्यक्रम में स्वामी ज्ञान सिंह जी महाराज पहुंचे तथा सान्निध्य सुरेश कौशिक का रहा। भगवान राघवेंद्र सरकार की कृपा से आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत 17 मई को रामायण का अखंड पाठ से की गई थी तथा दूसरे दिन 18 मई को पाठ की पूर्णाहुति, हवन, भगवान के श्री विग्रहों का अभिषेक व रात्रि को संकीर्तन व प्रवचन का आयोजन किया गया था। इसी कड़ी में समापन पर सोमवार को रूद्राभिषेक एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। उन्होंने बताया कि रूद्रा पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति एवं मानव व पशु सहित समस्त जीत के कल्याण को समर्पित रहा।

## तीन विजेताओं का नकद पुरस्कार देकर सम्मान



**चरखी दादरी।** गांव मकडानी स्थित नवयुग विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक बार अपनी प्रतिभा का परिचय देते हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के नतीजों में शानदार प्रदर्शन किया है। होनहार विद्यार्थियों को विद्यालय परिसर में निदेशक सोमबीर जाखड़ व चेयरमैन अजय जाखड़ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया। प्रथम तीन स्थान पर रहने वाले बच्चों को नकद पुरस्कार सोमबीर जाखड व अजय जाखड ने भेंट किए। इसके साथ ही सभी की हौसला अफजाई की। निदेशक सोमबीर जाखड़ ने कहा कि दसवीं कक्षा वो पहला पायदान होता है, जिसे सफलता पूर्वक पार कर लेने के बाद सही मायनों में विद्यार्थी द्वारा अपने भविष्य में वो किस क्षेत्र में जाने के लिए अग्रसर होगा इसका निर्णय किया जाता है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड में जिस प्रकार इस कक्षा के सभी बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है यह विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है।

# पठन कौशल विकास पर की चर्चा

दीपक कुमार डुमड़ा ▸▸ बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक।

कुरुक्षेत्र के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में निपुण हरियाणा के तहत मेन्टर्स के 8 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन चल रहा है। प्रशिक्षण शिक्षा विभाग द्वारा करवाया जा रहा है। कुरुक्षेत्र के विद्यालय में चल रहे राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में चार समूह बनाए गए हैं सभी समूहों में लगभग 160 केआरपी ट्रेनिंग ले रहे हैं जिनमें चरखी दादरी, भिवानी, कैथल, फतेहाबाद और रोहतक जिले के एबीआरसी में बीआरपी मेंटर प्रतिभागी हैं। इस प्रशिक्षण में एसटीजी ''राज्य प्रशिक्षण समूह'' से डॉक्टर बलराज, डॉक्टर नरेंद्र बालियान, विकास वर्मा, प्रवीण कुमार, सत्यवान, अमनदीप, सतीश जांगरा कमल डॉक्टर सतीश रंगा, वीरेंद्र कुमार,गुलदीप सिंह ने अपने एवं भूमिका अदा की हुई है। वही कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा, डीईईओ विनोद कौशिक, डिप्टी डीईओ इंदु कौशिक, जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर गौतम कुमार, संजीव रोहिल्ला, संपर्क टीम से कर्मजीत, सुषमा, रविन्द्र और शारीफ ने अपनी अहम भूमिका अदा की जा रही है। प्रशिक्षण के छठे दिन एसटीजी ने पठन कौशल विकास आदि पर की चर्चा।

## शत-प्रतिशत रहा स्कॉलर्स वर्ल्ड स्कूल का परीक्षा परिणाम



**चरखी दादरी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं व 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया, जिसमें गांव बिरहकलां स्थित स्कॉलर्स वर्ल्ड स्कूल के बच्चे का परिणाम शानदार रहा। दोनों ही कक्षाओं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इसके चलते होनहार विद्यार्थियों के सम्मान में विद्यालय में समारोह का आयोजन किया तथा प्राचार्य बिजेंद्र सांगवान सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य बिजेंद्र सांगवान ने बताया कि उनके विद्यालय से 10वीं कक्षा की परीक्षा में कुल 46 विद्यार्थियों में 12 ने 90 प्रतिशत से अधिक प्राप्त किए। 24 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वही मधु, प्रिया व अमन ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवांवित करने का काम किया।



## बीएम में होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**चरखी दादरी।** गांव लोहरवाडा स्थित बीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन निदेशक मंजीत फोगाट की अध्यक्षता में किया। आयोजन में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित किए गए कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन करने वाले होनहारों को सम्मानित करते हुए सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। शानदार सफलता पाने के बाद विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास का वातावरण बना हुआ है। एमडी रामवीर व प्राचार्य संजीत फौगाट ने बताया कि परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। निर्देशक मंजीत फौगाट ने बताया कि 10वीं कक्षा में कुल 33 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी।

**कार्यक्रम** गर्मी का मौसम खत्म होते ही हो जाती है सप्लाई नॉर्मल

# सौ दिन पानी की सप्लाई ही नहीं पहुंच पाती

- गरजे पार्षद बोलेः बुस्टर के निर्माण तक ट्यूबवैल लगवाए, ताकि लोगों के घरों तक पहुंच से पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



भिवानी। समाधान शिविर में सेक्टर 13 की पानी की समस्या रखते पार्षद

समाधान शिविर में शहर की पॉश कॉलोनी की पानी की समस्या गूंजी। पार्षद संदीप यादव सहित अन्य पार्षदों का तर्क था कि शहर की पॉश कॉलोनियों में शुमार सेक्टर-13 पीने के पानी का संकट बना है।

सेक्टर के सौ मकान ऐसे है,जिनमें गर्मी (खरसा) के सौ दिनों में पानी की सप्लाई ही नहीं पहुंच पाती। इन गलियों व क्षेत्र में यह समस्या आज की नहीं,पिछले 19 बरस से बनी है। 19 साल से समस्या होने की बात आई तो अधिकारी एक दूसरे का मुंह ताकने लगे। पार्षद ने बताया कि हैरानी की बात यह है कि गर्मी का मौसम खतम होते ही पानी की सप्लाई नॉर्मल हो जाती है। पार्षद ने माइक संभालते हुए बताया कि कई बार अधिकारियों से उक्त इलाके के लिए अलग से बुस्टर बनाए जाने की मांग की,लेकिन हर बार उनको आश्वासन देकर टाला जा रहा है। उन्होंने समाधान शिविर में बुस्टर के निर्माण होने तक आठ इंची ट्यूबवैल लगवाए जाने की मांग की। ताकि इस झुलसती गर्मी के मौसम में लोगों को खारे या मीठे पानी से हलक को तर किया जा सके। इस पर समाधान शिविर में उपस्थित सीओ ने उनकी पानी से संबंधित सभी समस्याओं का समाधान करवाने की मांग की।

### दस गलियों में नहीं पहुंचा तीन महीने पानी

पार्षद संदीप यादव ने बताया कि सेक्टर-13 के मकान संख्या 1909,1871,1706 तथा इनके साथ लगती सात अन्य गलियों में वर्ष 2006 से गर्मी के मौसम में पानी की सप्लाई नहीं पहुंच पाती। बारिश का मौसम शुरू होते ही इन क्षेत्र में सर्दी के मौसम की तरह सप्लाई नियमित हो जाती है। गर्मी में इन गलियों में रहने वाले लोग हैंडपैम्प या टैंकरों पर निर्भर रहते है। उन्होंने बताया कि कई बार सेक्टर 13 व 23 के लिए अतिरिक्त टैंक बनवाए जाने की मांग की गई।

## लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन

**चरखी दादरी।** जिले में लगातार नागरिकों की शिकायतों के निदान के लिए समाधान शिविर आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर लगाए जा रहे इन शिविरों में आनी वाली शिकायतों का मौके पर ही समाधान हो रहा है।वीरवार को उपायुक्त मुनीश शर्मा के मार्गदर्शन में सीटीएम जितेन्द्र कुमार ने लघु सचिवालय के सभागार में लोगों की शिकायतें सुनी और उनके निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। संबंधित अधिकारियों ने मौके पर इन शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया शुरू की। प्रदेश सरकार की पहल के तहत नागरिकों की शिकायतों के समाधान के लिए अब सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है।

एक आवेदक की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने में लग रहे 15 से 20 मिनट

# हॉयर एजुकेशन का खुला पोर्टल, आवेदक ढूंढ़ने लगे कॉलेज हॉस्टल, कॉलेजों में दस्तावेज अपलोड करवाने वालों की भीड़

## दोपहर साढ़े 12 बजे चली साइट, 12वीं पास के प्रोविजन सर्टिफिकेट किए मान्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सीबीएसई, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा बारहवीं का रिजल्ट घोषित करने के बाद अब हायर एजुकेशन पाने के इच्छुक विद्यार्थियों ने हायर एजुकेशन का पोर्टल खंगालना आरंभ कर दिया। इसी क्रम में सोमवार को विभिन्न कॉलेजों में दाखिला पाने के लिए छात्र पहुंचने लगे। कॉलेजों में पहुंचकर पोर्टल पर सब्जेक्ट कम्बीनेशन, कॉलेज व हॉस्टल के बारे में जानकारी ले रहे है। इनके अलावा छात्र अपने 12 वीं उत्तीर्ण का प्रोविजनल प्रमाण पत्र भी हायर एजुकेशन की साइट पर अपलोड करवा रहे है। दिनभर कॉलेजों में पोर्टल पर कागजात अपलोड करवाए जाने को लेकर भीड़ लगी रही।

### सुबह से ही काउंटरों पर लगी लाइनें

सोमवार सुबह दस बजे 12 वीं पास करने वाले विद्यार्थी सीएससी सेंटर व कॉलेजों में पहुंचने लगे। कॉलेजों में बच्चों के हायर एजुकेशन की पोर्टल पर दाखिले के लिए कागजात अपलोड करवाने पहुंचने लगे। शुरू में साइट नहीं चलने से लाइन बढ़ती गई। करीब साढ़े 12 बजे साइट चली तो कागजातों को पोर्टल पर अपलोड करना शुरू हुआ। एक बच्चे की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने में करीब 15 से 20 मिनट का समय लगा। विद्यार्थियों ने कॉलेजों के नाम व जिन कॉलेजों में हॉस्टल इत्यादि की जानकारी ली। साथ ही बच्चों ने सब्जेक्ट कम्बीनेशन की जानकारी हासिल की। इस दौरान कॉलेजों के वरिष्ठ प्रोफेसर भी उपस्थित रहे। जो भी छात्र सब्जेक्ट कम्बीनेशन के बारे में जानकारी मांगता तो उसी वक्त वरिष्ठ प्रोफेसर उनको सही जानकारी उपलब्ध करवाता। वैश्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए कॉलेज में एक काउंटर स्थापित किया गया है। जिसके जरिए बच्चों के डाक्यूमेंट पोर्टल पर अपलोड किए जा रहे है। साथ ही बच्चों को सब्जेक्ट कम्बीनेशन के बारे में जानकारी दी जा रही है।



भिवानी। वैश्य कॉलेज में स्थापित काउंटर पर बच्चों के कागजात पोर्टल पर अपलोड करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### कॉलेजों में लगाई डॉक्यूमेंट अपलोड के लिए अतिरिक्त टेबल

हायर एजुकेशन पाने वाले विद्यार्थियों को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। इसके लिए प्रत्येक कॉलेज में एक टेबल लगाई गई है। जिस पर तीन चार कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। जो कॉलेज में छात्र आता है। उसके डाक्यूमेंट को हायर एजुकेशन विभाग के पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। साथ में अगर उनके डाक्यूमेंट में कोई कमी रहती है तो उस बारे में भी उनको बताया जा रहा है। ताकि समय रहते सभी बच्चे दाखिले के लिए अपने कागजाता पोर्टल पर अपलोड करवा लें।

# आदर्श स्कूल कैरू का कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में 54 स्टेट मेरिट के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

हर वर्ष की भांति अबकी बार भी कैरू के आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने हरियाणा शिक्षा बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावकों और क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय के कक्षा दसवीं के परिणामों ने यह सिद्व कर दिया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उचित मार्गदर्शन और अविराम मेहनत से असाधारण उपलब्धियाँ भी प्राप्त की जा सकती हैं। प्राचार्य एसएन पालीवाल ने बताया कि इस वर्ष 10वीं की परीक्षा देने वाले 66 में से 54 विद्यार्थियों ने बोर्ड मेरिट सूची में अपना स्थान सुनिश्चित किया। प्रतीक चंदावास ने 487 (97.4 प्रतिशत) अंक अर्जित कर ब्लॉक स्तर व अपने विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। मोहित विजलानाबास ने 482 (96.4 प्रतिशत) अंक लेकर द्वितीय, हिमांशु कैरू व रोहित कैरू ने 481 (96.2 प्रतिशत) अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इनके अलावा निशा कैरू ने 479, कशिश तँवर व अमन धारवानबास ने 478, मिशा लेघां ने 473 अंक अर्जित किए। 20 विद्यार्थियों ने संस्कृत विषय में 100 में से 100 अंक अर्जित कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। विद्यार्थियों के इस परीक्षा परिणाम को लेकर आदर्श ग्रुप ऑफ एजुकेशन इंस्टिट्युट कैरू के चेयरमैन आरके बंगालिया ने मेधावी विद्यार्थियों, अभिभावकों व संबंधित शिक्षकगण को हार्दिक शुभकामनाएँ दी।

## एक से डेढ़ फीट बचा पानी, 44 डिग्री के पार पारा, हर तरफ हा- हाकार

# आखिर टैंकरों से कैसे तर होंगे जनता के कंठ, जलघरों के भी सूख गए टैंक

40 दिन बाद भी नहीं आया नहरी पानी, आए दिन घट रहा भूजल स्तर, कैसे होगी जलापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी





भिवानी। पंचायत भवन के सामने टयूबवैल पर पानी भरवाने के लिए लगी टैंकरों की लाइन व खाली पड़ा जलघर का टैंक, जिसमें नाममात्र पानी ही शेष हैं।

दिन-प्रतिदिन गर्मी अपना तेज दिखा रही हैं और पारा रविवार व सोमवार को 44 डिग्री के पार हो चुका हैं। गर्मी जैसे-जैसे अपना प्रचंड रूप दिखा रही हैं, वैसे ही जनता बेबस एवं लाचार नजर आ रही हैं। ये लाचारी अकेले गर्मी को लेकर नहीं, बल्कि पानी को लेकर भी हैं। जलघरों के 20 फुट गहरे टैंकों का पानी समाप्त होने के कगार पर हैं और उनमें मात्र एक से डेढ़ फीट पानी ही शेष बचा हैं, जिसकारण शहर की जनता को राशनिंग के माध्यम से एक दिन छोड़कर पानी दिया जा रहा हैं। आखिरकार अब टैंकरों के माध्यम से कैसे शहरवासियों की प्यास बुझेगी, ये चिंता विषय बना हुआ हैं। पिछले महीने 40 दिन पहले 10 अप्रैल को नहर में पानी आया था। विभाग ने 2150 क्यूसेक पानी की डिमांड उच्चाधिकारियों को भेजी थी, लेकिन मात्र 462 क्यूसेक पानी ही सुंदर ग्रुप को मिला था।

### टयूबवेल पर 80 से 100 रुपये में भर रहे टैंकर

टैंकर चालक 80 से 100 रुपये में टयूबवेल से पानी का पांच हजार लीटर का टैंकर भरवाकर 800 से 1000 रुपये में घरों में सप्लाई कर रहे हैं। गर्मी में इस बार पहले से ज्यादा परेशानी हो रही है। अब शहर की जनता को कोई मार्ग नजर नहीं आ रहा और वह आक्रोषित होकर सड़कों पर आने को मजबूर हैं।

### अधिकारी बार-बार करने पर भी नहीं उठाते फोन

पार्षद विनोद प्रजापति ने बताया कि उनके वार्ड में पेयजल की भारी समस्या है। जिससे जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सूचित किया जा चुका, पर कोई समाधान नहीं हो रहा। टैंकर के लिए जब विभाग के अधिकारियों या ठेकेदार को फोन करते हैं तो वे बार बार फोन करने पर भी नहीं उठाते।

### हैंडपंपों पर लग रही पानी भरने वालों की भीड़

गली मोहल्लों में पानी भरने के लिए जमीन में हैंडपंप लगे हुए हैं, जिन पर अक्सर पानी भरने के लिए भीड़ लगने लगी हैं। गर्मी के बढ़ते प्रकोप से अब केवल हैंडपंपों का ही सहारा है। जिस कारण अब हैंडपंपों पर अपनी जरूरत पूरी करने के लिए पानी भरने वालों की भीड़ लग जाती है। अब ये भी देखा जाएगा कि आखिर हैंडपंप भी कब तक साथ निभाएंगे।

# अंडर-16, 19, 23 और सीनियर आयुवर्ग अंतर जिला क्रिकेट टीम की ट्रायल 21 व 22 को

■ ट्रॉयल में शामिल होने के लिए प्रमाण पत्र फोटो व किट लानी होगी साथ।

**चरखी दादरी।** चरखी दादरी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रवक्ता के अनुसार हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित की जाने वाली अंडर-16, अंडर -19, अंडर-23 आयुवर्ग व सीनियर वर्ग अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2025-26 के लिए चरखी दादरी जिला की टीम का चयन 21 व 22 मई को सुबह सात बजे घिकाड़ा रोड स्थित क्रिकेट अकेडमी में किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि अंडर 16 व अंडर 19 वर्ग आयुवर्ग लड़को की टीम का चयन 21 मई को सुबह 7 बजे घिकाड़ा रोड स्थित क्रिकेट अकेडमी में किया जाएगा। अंडर 16 आयुवर्ग लड़कों की टीम के लिए खिलाड़ी का जन्म एक सितंबर 2009 व 31 अगस्त 2011 के बीच का होना चाहिए। वहीं अंडर 19 आयुवर्ग लड़कों की टीम के लिए खिलाड़ी का जन्म एक सितंबर 2006 व उसके बाद का होना चाहिए। अंडर 23 व सीनियर वर्ग लड़कों की टीम का चयन 22 मई को घिकाड़ा रोड स्थित क्रिकेट अकेडमी में सुबह 7 बजे होगा। अंडर 23 आयुवर्ग लड़कों की टीम के लिए खिलाड़ी का जन्म एक सितंबर 2002 व उसके बाद का होना चाहिए। वहीं सीनियर वर्ग लड़कों की टीम के लिए कोई आयु सीमा नहीं है। ट्रायल में भाग लेने के लिए खिलाड़ी को अपना मूल जन्म प्रमाण पत्र, व उसकी एक प्रति, पिछले वर्ष का स्कूल का प्रमाण पत्र, फोटो पहचान पत्र व एक पासपोर्ट साइज फोटो, खेल के सामान के साथ सफेद किट में आना अनिवार्य है।

डॉ. आर. पी. शर्मा
अस्पताल
सिविल अस्पताल से रिटायर्ड सीनियर सर्जन
सभी आप्रेशन एवं नार्मल डिलीवरी सबसे सस्ते रेट में किए जाते हैं।
सभी आप्रेशन बिना टाँके के भी किए जाते हैं।
कॉपर-टी की सुविधा उपलब्ध है।
गर्भवती महिलाओं के लिए OPD फीस फ्री
पता : मिनी बाईपास रोड़, CR Resort के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र : 9416296903, 8168362612

